एक्सप्रेस न्यूज

■ छोट-छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को बनाया दीवाना

ज़मी पर उतरे तारे, दादा जी को याद आया वतन

■ भोपाल, ईएमएस।

नन्हे मुन्ने बच्चों को देखकर लगा जैसे तारे ज़मी पर उतर आए हों। अपनी ही धुन में मस्त बच्चों ने ऐसी कविता, कहानी और नृत्य की प्रस्तुति दी कि लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। मौका था भोपाल के रविंद्र भवन के मंच का। यहां पर शनिवार को आरंभ द प्रि-स्कूल के वार्षिक समारोह का। यहां छोट-छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को दीवाना बना लिया। दर्शक दीर्घा में बैठे इन बच्चों के माता-पिता भी उस वक्त गौरव से भर गए जब उन्होंने अपने मासूमों में इतना आत्मविश्वास देखा। ग्लोबल रिसर्च एण्ड वेलफेयर सोयायटी के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सेना से रिटायर्ड कर्नल के.पी.सिंह रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के माध्यम के प्रधान संपादक प्रोफेसर पुष्पेन्द्र पाल सिंह थे। केपी सिंह ने बच्चों के भविष्य में आगे बढने और देश प्रेम की सीख दी। वहीं, पुष्पेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बच्चों को साकारात्मक सोच की तरफ बढ़ावा देना चाहिए। एक छोटी बच्ची के दादा ने मंच से शहीदजवानों की याद में ए मेरे प्यारे वतन गाकर सुनाया। कार्यक्रम में समाजेसवा से जुड़ी खबरों को लिखने वाले पत्रकार दिनेश शुक्ला और कपिल तुलसानी को सम्मानित किया गया।